‘*Safaimitra Safety Camp*’ organized at ICAR-ATARI, Kolkata

आईसीएआर-अटारी, कोलकाता में 'सफाईमित्र सुरक्षा शिविर' आयोजित किया गया

25 अक्टूबर, 2023, कोलकाता

भाकृअनुप- कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, कोलकाता ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 'स्वच्छता ही सेवा 2023' विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के तहत आज 'सफाईमित्र सुरक्षा शिविर' का आयोजन किया। शिविर का आयोजन संस्थान के सफाई कर्मचारियों की एकल खिड़की कल्याण शिविर के रूप में किया गया था।

इस अवसर पर बोलते हुए, संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप डे ने समग्र रूप से समाज और विशेष रूप से संस्थान में सफाई कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि संस्थान सफ़ाईमित्रों के कल्याण के लिए और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और जीवन की गुणवत्ता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए 'वन हेल्थ' अवधारणा पर जोर दिया।

स्वस्थ आहार के बारे में जागरूकता पैदा करने और स्वच्छता में उनके योगदान की सराहना करने के लिए उन्हें फलों की टोकरी दी गई साथ ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दस्ताने, मास्क और साबुन सहित व्यक्तिगत सुरक्षा किट भी दिए गए।

पिछले सप्ताह में, संस्थान के पैनल चिकित्सक डॉ. ए.के. बनर्जी ने सफ़ाईकर्मियों के स्वास्थ्य की जाँच की।

बैठक में संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों और परियोजना कर्मचारियों ने भाग लिया। डॉ. पी.पी. पाल, प्रधान वैज्ञानिक ने कार्यक्रम का संचालन किया और डॉ. अभिजीत हालदार, प्रधान वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

(*स्रोत : भाकृअनुप- कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, कोलकाता*)